बृहस्पति ग्रह के कारकत्व

बृहस्पति ग्रह के कारकत्व अर्थात वे विशेष कारण या विषय वस्तुएं आदि जिनसे हम उस समय पूरी तरह प्रभावित होते हैं, जिस समय हम बृहस्पति ग्रह की दशा, गोचर, योग और अवस्था आदि में पूरी तरह प्रयत्नशील रहते हैं या उस आयु अवस्था आदि पर पहुंच जाते हैं, बृहस्पति ग्रह के वे सभी विशेष प्रभावित करने वाले तत्व निम्न प्रकार से हैः-

बुद्धिमानी, शिक्षण, शरीर की बनावट, शिक्षक, मंत्र, संचितधन या धन, प्रवचनकर्ता, चर्बी, मोटापा, प्रसन्नता, उच्च शिक्षा, सात्विकता, वात रोग, दक्षता, सभी प्रकार की वित्त संस्थाएं, विवेक, धर्म, विकास व सुख समृद्धि, निर्णय शक्ति, धैर्य, श्रद्धा, आस्था, विदेश व्यापार, उद्योग व्यापार, आयात निर्यात, कपड़ा मिल, परस्पर सहयोग, तपस्या, सम्मान, पति सुख, धार्मिक लाभ के कार्य, ईश्वर के प्रति निष्ठा, बड़े भाई या भाईयों से संबंध, बड़ों का कारक, वरिष्ठ व्यक्तियों का कारक, फिलोसफी, पुत्र, परोपकार, धार्मिक प्रचार, मानसिक सुख, हेमन्त ऋतु, आध्यात्म क्षेत्र, दयालुता आदि।